संख्या-23/508/47-का-3-2015-13/18/2015

प्रेषक,

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 30 मार्च, 2015**

विषय - उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के कार्यालय में कम्प्यूटर केन्द्र का संचालन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयोग के पत्र संख्या-461/अधि-आयोग/2015, दिनांक 11.03.2015, के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्राप्त किए जाने वाले आनलाइन आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग हेतु यू0पी0 डेस्को के माध्यम से 01 सीनियर कम्प्यूटर प्रोग्रामर रू0-27,000.00 प्रतिमाह तथा 02 कार्यालय सहायक रू0-12,000.00 प्रतिमाह के मानदेय पर 01 वर्ष अथवा नियमित कार्मिकों की तैनाती होने तक जो भी पहले हो, संविदा के आधार पर तैनात करने पर श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के आय-व्ययक की मद संख्या 16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-23/2015/508(1)/47-का-3-2015-13/18/2015, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (प्रथम/ द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5.
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2.
6- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in